प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–31.03.2023 (सं0–363)

मुजफ्फरपुर के नगर थानान्तर्गत आशुतोष शाही हत्याकाण्ड का अग्रतर अनुसंधान भार अपराध अनुसंधान विभाग को सुपुर्द।

- दिनांक–21.07.2023 की रात्रि में मुजफ्फरपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत गोलीबारी की घटना घटित हुई थी, जिसमें प्रोपर्टी डीलर आशुतोष शाही, थाना–काजी मोहम्मदपुर, जिला मुजफ्फरपुर एवं 02 अन्य व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी तथा 02 व्यक्ति जख्मी हो गये थे।
- इस संदर्भ में मृतक प्रोपर्टी डीलर आशुतोष शाही की पत्नी के फर्दबयान के आधार पर नगर थाना काण्ड सं0–614/23, दिनांक–22.07.2023, धारा–302/307/379/120(बी)/34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट, 06 नामजद एवं अन्य अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध दर्ज किया गया था।
- उक्त काण्ड में 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।
- पुलिस महानिरीक्षक, तिरहुत क्षेत्र की अनुशंसा के आलोक में पुलिस महानिदेशक, बिहार के द्वारा इस काण्ड के अग्रतर अनुसंधान का भार अपराध अनुसंधान विभाग को सौंपा गया।

xxxxxxxxxx